# 145676 - क्रिसमस के मौसम में कीमतों पर छूट का लाभ उठाने के लिए काफ़िरों के त्योहारों के दौरान कपड़ों और अन्य वस्तुओं को खरीदने का हुक्म

### प्रश्न

ऑस्ट्रेलिया में, क्रिसमस के दौरान कपड़ों, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि जैसी चीजों पर भारी छूट होती है। क्या मैं इस भारी छूट को प्राप्त करने के लिए खरीदारी कर सकता हूँ, जो कि केवल वर्ष के इसी समय के दौरान उपलब्ध होती है?

### विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

काफिरों के त्योहारों के मौसम जैसे क्रिसमस में कपड़े, फर्नीचर आदि खरीदने में कोई आपत्ति की बात नहीं है, इस शर्त के साथ कि मनुष्य कोई भी ऐसी चीज़ न खरीदे जिसके द्वारा उस त्योहार के मनाने या काफिरों के त्योहार में उनकी छवि अपनाने (नकल करने) में मदद ली जाती हो।

प्रश्न संख्याः (69558) के उत्तर में यह उल्लेख किया जा चुका है कि मुसलमान के लिए काफिरों के त्योहारों के दिनों में दो शर्तों के साथ अपनी दुकान खोलने की अनुमति है :

प्रथमः यह कि वह उनसे कोई ऐसी चीज़ न बेचे जिस वे अवज्ञा के कामों में उपयोग करते हैं या जिससे अपने त्योहार को मनाने के लिए मदद लेते हैं।

दूसराः यह कि वह मुसलमानों से भी कोई ऐसी चीज़ न बेचे जिससे वे इन त्योहारों में काफिरों की समानता (छवि) अपनाने में मदद लेते हैं।

तथा मनुष्य का ऐसी चीजें खरीदना जिनकी उसे ज़रूरत है, बेचने और दुकान खोलने से बहुत कम गंभीर है, और बुनियादी सिद्धांत यह है कि चीजें खरीदना अनुमेय है, और इस (खरीदारी) का उनके त्योहार के समय में होने से कोई फर्क़ नहीं पड़ता है।

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।